उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार 01 पौष, शक संवत्, 1925
**( दिनांक : 22 दिसम्बर, 2003 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।
2. प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**। )
3. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ग"**। )
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
6. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
8. संसदीय कार्य मंत्री निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे :-

"मैं प्रस्ताव करती हूँ कि यह सदन उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 (यथा उत्तरांचल में लागू) के संगत नियमों के अधीन लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति, सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति तथा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं विमुक्ति जाति समिति जिनमें समिति के गठन हेतु सदस्यों के निर्वाचन का प्राविधान है, में कार्य करने के लिए सदस्यों को नामित करने हेतु माननीय अध्यक्ष को प्राधिकृत करता है तथा इस प्रकार नामित सदस्य विधान सभा द्वारा विधिवत् निर्वाचित समझे जायेंगे।"

.../2...

9. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

10. संसदीय कार्यमंत्री निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

"यह सदन, संसद के दोनों सदनों द्वारा यथापारित संविधान (पचानवेवां संशोधन) विधेयक, 2003 द्वारा "भारत का संविधान" में प्रस्तावित संशोधनों का, जो संविधान के अनुच्छेद-368 के खण्ड (2) के परन्तुक खण्ड (ग) के अन्तर्गत आते हैं, अनुसमर्थन करता है।"

11. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| **(क)** 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल, | "यह सदन उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) अध्यादेश, 2003 का अननुमोदन करता है।" |
| **(ख)** 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

12. मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय (समय 2 घण्टा)।

(खण्डों में प्राप्त संशोधनों के लिए देखिए नत्थी **"घ"**)

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल, | "उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" (समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| (ख) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

13. मुख्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (संशोधन) विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

14. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार व रघुनाथ मन्दिर घुतू को, चार धाम पद यात्रा मार्ग को चिन्हित कर चार धाम यात्रा की कार्य-योजना से जोड़ा जाय।"

15. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादूनः
दिनांक : 22 दिसम्बर, 2003

( महेश चन्द्र )
सचिव।

तृतीय सत्र, 2003
का प्रथम सोमवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## सोमवार, 01 पौष, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 22 दिसम्बर, 2003)

# नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>08-12-2003 | **1. क्या संसदीय कार्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में कुल कितने पूर्व विधायक हैं? और सरकार उन्हें क्या-क्या सुविधाएं दे रही हैं ? | संसदीय कार्य |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>11-12-2003 | **2. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार को अलग जिला बनाये जाने हेतु वहाँ की जनता लम्बे समय से आन्दोलनरत है तथा कई लोग कई दिन से तहसील परिसर, कोटद्वार में धरना स्थल पर बैठे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार विकास हित में कोटद्वार को अलग जनपद बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | राजस्व |

# नत्थी 'ख'

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 38 (2) के अन्तर्गत प्राथमिकता प्राप्त

## तारांकित स्थगित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>04.06.2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>07.06.2003<br>श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>11.06.2003<br>श्री प्रकाश पंत<br>05.09.2003 | *1. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि सरकार राज्य में वित्तीय संसाधन जुटाने हेतु लाटरी शुरू करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो उसकी क्या कार्ययोजना तैयार की गई हैं? यदि नहीं तो क्यों? | वित्त |

# नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01–09–2003 | *1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 8 अप्रैल, 2003 को उत्तराखण्ड क्रान्तिदल के माननीय विधायकों द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित पत्र उन्हें प्राप्त हुआ है, जिसमें उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवम् निर्माण निगम में कार्यरत मुख्य अभियंता स्तर–2 द्वारा उत्तरांचल हेतु अपना विकल्प नियत तिथि के बाद जालसाजी करके भरे जाने के विरूद्ध जॉच की मांग की गई थी? यदि हॉ तो उक्त मामले की जॉच में अभी तक क्या प्रगति हुई? क्या सरकार जॉच को सदनके पटल पर रखेगी? यदि नहीं तो क्यों? | द्वितीय मंगल के तारा.प्र. 05 में स्था. |
| श्री मदन कौशिक<br>01–09–2003 | *2. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस वर्ष प्रदेश को गन्ने के भुगतान हेतु केन्द्र से कितना विशेष पैकेज प्राप्त हुआ है? सरकार द्वारा किसानों को गन्ने का शेष भुगतान किये जाने की क्या व्यवस्था की है? यदि नहीं तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री प्रकाश पन्त<br>02–09–2003 | *3. क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि लघु जल विद्युत के उत्पादन की व्यापक सम्भावना को देखते हुये सरकार ने लघु जल विद्युत परियोजनाओं को स्थापित किये जाने की कोई विस्तृत कार्ययोजना बना रखी है? यदि हॉ तो वह क्या है? क्या सरकार अवगत करायेगी कि 30 जुलाई, 2003 तक कितनी लघु जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है? | ऊर्जा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>03–09–2003<br>श्री बलबीर सिंह नेगी<br>15–09–2003 | *4. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के किन–किन विभागों में किस श्रेणी के कितने अधिकारी, कर्मचारी उत्तर प्रदेश के विकल्पधारी वर्तमान में उत्तरांचल में कार्यरत हैं? क्या सरकार इन विकल्पधारी अधिकारियों, कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश भेजने की योजना बना रहीं है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | पुनर्गठन |
| काजी निजामुद्दीन<br>04–09–2003 | *5. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि बढती हुई आतंकवादी गतिविधियों को देखते हुए राज्य की पुलिस को आधुनिक हथियार एवं प्रशिक्षण देने की सरकार की कोई कार्य योजना प्रस्तावित है? यदि हॉ तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>10.09.2003 | *6. क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत है कि रेता और बजरी प्रदेश से बाहर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली ले जाया जा रहा है? यदि हॉ तो यह अवैध निकासी कुल खनन का यह कितना प्रतिशत अनुमानित है? क्या सरकार प्रदेश से बाहर अवैध रूप से भेजे जा रहे रेता/बजरी पर अंकुश लगाये जाने की कोई योजना बना रही है? यदि हॉ,तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>10–09–2003 | *7. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितना प्रतिशत विद्युत लाईन लॉस है? क्या सरकार विद्युत चोरी को रोकने के लिए कोई कारगर कदम उठाने जा रही है? क्या यह सही है कि प्रदेश में ''लाइन लॉस'' अत्यधिक है? यदि हॉ तो इसके मुख्य कारण क्या है तथा इसको कम करने हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.09.2003 | *8. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य सृजन के दौरान विभिन्न विभागों से 50 गैर नियमित कर्मचारी जैसे दैनिक न्यूनतम वेतन एवं तदर्थ भी शासन सचिवालय में कार्यरत हैं? क्या सरकार इन कर्मचारियों के सचिवालय के कार्यानुभव को देखते अन्य कर्मचारियों की भांति सचिवालय में समायोजित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>26.09.2003 | *9. **न्यायालय के विचाराधीन होने के कारण निरस्त** | |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03.10.2003 | *10. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्र में हो रहे निरन्तर भू-स्खलन की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं? क्या भू-स्खलन की स्थाई रोकथाम के लिए सरकार द्वारा भू-गर्भीय सर्वेक्षण किया जा रहा है? यदि हाँ, तो इसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03.10.2003 | *11. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में इलैक्ट्रो होम्योपैथी को पंचम चिकित्सा पद्धति के रूप में मान्यता देने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री अजय भट्ट<br>22.09.2003 | *12. **दिनांक 19-12-2003 को तारा.प्र. 09 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>08.10.2003 | *13. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय क्षेत्रों में भू-उपयोग परिवर्तित किये जाने के संबंध में शासन की क्या नीति एवं मानक हैं? क्या यह सही है कि देहरादून नगर में मल्टी लेक्सेज़ को व्यवसायिक दरों पर परिवर्तन शुल्क/विकास शुल्क में छूट प्रदान की गई है? यदि हाँ, तो इस छूट को दिये जाने का तर्क संगत आधार क्या है? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>09.10.2003 | *14. क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि नयी टिहरी के निर्माण में केन्द्र तथा राज्य सरकार को कितनी-कितनी धनराशि वहन करनी पड़ रही है? विगत वर्ष 2002-2003 में उक्त निर्माण में कितना खर्च हुआ? | द्वितीय बुध के तारा.प्र. 04 में स्था. |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>29.10.2003 | *15. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल सचिवालय में कार्यरत सचिवालय संवर्ग तथा निःसंवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लीज़ रेन्ट दिया जा रहा है? यदि हाँ, तो सचिवालय संवर्ग तथा निःसंवर्ग के किन अधिकारियों/कर्मचारियों को यह सुविधा अनुमन्य है? इनमें कितने अपर सचिव स्तर के अधिकारी हैं, जो पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों/केन्द्र सरकार से उत्तरांचल में कार्यरत हैं तथा लीज़ रेन्ट की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं? क्या यह सही है कि सचिवालय में कार्यरत अन्य प्रदेशों के सचिवालय संवर्ग के कर्मचारियों/अधिकारियों को उक्त लीज़ रेन्ट अनुमन्य नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो इस विसंगति का क्या कारण है तथा इस विसंगति को कब तक दूर कर दिया जायेगा? | प्रथम मंगल के तारा.प्र. 14 में स्था. |
| प्रेमानन्द महाजन<br>18.11.2003 | *16. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किसान सहकारी चीनी मिल गदरपुर (उधम सिंह नगर) द्वारा किसानों को कितने बक़ाया का भुगतान किया जा चुका है तथा कितना भुगतान बाक़ी है? किसानों को पूर्ण भुगतान कब तक होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री हरबंस कपूर<br>21.11.2003 | *17. क्या न्याय मंत्री बतायेंगे कि वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय उत्तरांचल नैनीताल में कितने सरकारी अधिवक्ता नियुक्त हैं तथा मार्च, 2003 में इनकी संख्या कितनी थी? क्या मंत्री जी नवसृजित राज्य के आर्थिक संसाधनों एवं आर्थिक स्थिति के परिपेक्ष्य में अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ताओं में कमी करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | न्याय |

## अतारांकित स्थगित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>26.5.2003 | 1. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के आन्दोलनकारी शहीदों के सम्मान में आज तक सरकार ने कितने भवनों, संस्थाओं, मार्गों का नाम शहीदों के नाम पर रखा है? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>31.5.2003 | 2. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य विधिक प्राधिकरण उत्तरांचल नैनीताल में नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा व राज्य का निवासी होने के संबंध में कोई आवश्कीय शर्त है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विधिक प्राधिकरण की स्थापना के पश्चात विधिक प्राधिकरण में कितनी नियुक्तियाँ हुई है? क्या नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी उपरोक्त शर्तों (राज्य का निवासी व आयु सीमा) को पूरा करते हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार सम्पूर्ण प्रकरण की जाँच कर आवश्यक कार्यवाही करेगी? | न्याय |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>01-09-2003 | 1. | क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि लक्ष्मणझूला विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौडी गढ़वाल में विद्युत तार के टूट कर सड़क में गिरे होने के कारण स्व0 श्री देवेन्द्र सिंह बिष्ट की करेन्ट लगने से मृत्यु हो गई थी? यदि हाँ तो उनके परिवार को कितना मुआवजा दिया गया? क्या सरकार मृतक की पत्नी को सरकारी सेवा प्रदान करेगी? यदि नहीं तो क्यो? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>02-09-2003 | 2. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 2003-2004 में 30 जुलाई, 2003 तक अतिवृष्टि की विभिन्न घटनाओं में कितनी जनहानि, पशुहानि एवं निजी तथा सरकारी सम्पत्तियों की क्षति हुयी है? क्या सरकार द्वारा क्षति के अनुरूप सहायता अवमुक्त कर दी गयी है? यदि हाँ तो क्या सहायता दी गयी? यदि नहीं तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>02-09-2003 | 3. | क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में पूर्वी रामगंगा जल विद्युत परियोजना निर्माणाधीन है? यदि हाँ तो उक्त परियोजना वित्तीय वर्ष 2003-2004 में पूर्ण हो जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>02-09-2003 | 4. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में लघु जल विद्युत उत्पादन की व्यापक सम्भावनाओं को देखते हुये जल विद्युत निगम तथा लघु जल विद्युत निगम के सर्वेक्षण कार्यालय कुमायूं मण्डल में प्रस्तावित किये गये हैं? यदि हाँ तो उक्त कार्यालय कब तक खोल दिये जायेगें? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रकाश पन्त<br>02-9-2003 | 5. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बतायेंगे कि आपदा प्रबन्ध विभाग को 30 जून, 2003 तक जनपद पिथौरागढ़ में दैवीय आपदा प्रभावित विभिन्न योजनाओं के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव जिलाधिकारी के माध्यम से प्राप्त हुये थे, तथा उनमें से कितनी योजनाओं हेतु धन अवमुक्त किया गया? क्या दैविक आपदा प्रभावित जनपद पिथौरागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सरकारी भवन, विद्यालय, पेयजल योजना, सम्पर्क मार्ग, पुल इत्यादि के पुनर्निर्माण हेतु सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>02-09-2003 | 6. | क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रुद्रप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महा-विद्यालय अगस्त्यमुनि में स्नातक स्तर पर कामर्स की कक्षायें संचालित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय ले लिया जायेगा, यदि नहीं तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री अनिल नौटियाल<br>02-09-2003 | 7. | क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम सभा कल्याडी, जिसकी तहसील गैरसैण है, को ग्रामवासी तहसील कर्णप्रयाग में मिलाने की मांग कर रहे हैं? यदि हॉ तो कब तक ग्राम सभा कल्याड़ी, तहसील कर्णप्रयाग में मिलायी जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रकाश पन्त<br>03-09-2003 | 8. | क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ में ठूलीगाड, फगालीगाड, गोकर्णेश्वरगाड तथा झूडीगाड में लघु जल विद्युत परियोजना स्थापित किये जाने का प्रस्ताव विचाराधीन हैं? यदि हॉ तो उक्त परियोजनाओं की निर्माण की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2003-04 में प्राप्त हो जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03-09-2003 | 9. | क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सन् 1999 में आये विनाशकारी भूकम्प से जनपद रूद्रप्रयाग में कितनी क्षति का आंगणन किया गया? क्या सर्वेक्षण के बाद सभी पीडित परिवारों को भूकम्प की अनुग्रह राशि बॉटी गयी? यदि हॉ तो वह किन-किन परिवारों को बॉटी गयी एवं कितनी धनराशि एक परिवार को दी गयी हैं? यदि नहीं तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03-09-2003 | 10. | क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत तहसील ऊखीमठ के कर्मचारियों को आवासीय भवन के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हॉ तो कब तक आवासीय भवन का निर्माण किया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03-09-2003 | 11. | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002-2003 में मंत्रीगणों एवं सचिवों द्वारा की गयी विदेश यात्रा पर कितना व्यय किया गया तथा इसका विवरण क्या है? क्या सरकार इस प्रकार के खर्चों पर रोकथाम के लिए क्या उपाय कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | गोपन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>03-09-2003 | 12. | क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गोचर नामक स्थान पर हवाई पट्टी का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हवाई पट्टी के निर्माण में बनायी गयी चारदीवारी के घटिया निर्माण की शिकायत क्षेत्र वासियों द्वारा की गई थी? यदि हॉ तो इस पर क्या कोई कार्रवाई की गई? यदि नहीं तो क्यों? | नागरिक उड्डयन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>03-09-2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>14.11.2003 | 13. | क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि पृथक उत्तरांचल राज्य आन्दोलन के दौरान गोली लगने से घायल आन्दोलनकारियों को सरकारी सेवा में सेवायोजित करने की सरकार योजना बना रही है? यदि हॉ तो कब तक सेवानियोजित किया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>03-09-2003 | 14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि संस्कृत अकादमी के उपाध्यक्ष को क्या-क्या सरकारी सुविधायें प्रदत्त की जा रही हैं तथा उनको क्या स्तर (प्रास्थिति) प्रदान किया गया है? | उच्च शिक्षा |
| काजी निजामुद्दीन<br>03-09-2003 | 15. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि देहरादून शहर में ऐसे कितने क्लब है जहाँ सरकारी तौर से जुआ खेलने की अनुमति है? इन क्लबों से सरकार को वित्तीय वर्ष 2002-03 में कितने राजस्व धन की प्राप्ति हुई है? | मनोरंजन कर |
| श्री प्रकाश पन्त<br>04-09-2003 | 16. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण उत्तरांचल का गठन कर लिया गया है? यदि हाँ तो इसका विभागीय ढाँचा क्या है तथा विभागीय ढाँचे के अनुरूप 30-07-2003 तक कितने पदों पर सेवायोजन कर लिया गया है? रिक्त पदों पर सेवायोजन हेतु क्या प्रकिया अपनाई गयी है? | न्याय |
| काजी निजामुद्दीन<br>04-09-2003 | 17. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2002-03 में राज्य के विभिन्न जनपदों को कितना-कितना धन जिला योजना के अन्तर्गत आवंटित किया गया था और इस धन के सापेक्ष कितना धन निर्गत किया गया। | नियोजन |
| श्री मदन कौशिक<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>04-09-2003<br>श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20-09-2003<br>श्री प्रेमानन्द महाजन<br>13-10-2003 | 18. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2001-2002 की तुलना में वर्ष 2002-2003 में अपराधों में प्रत्येक जनपद में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है? क्या सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को चुस्त दुरूस्त बनाने के लिए पुलिस विभाग में कोई आमूल चूल परिवर्तन करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>04-09-2003 | 19. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवारों को ''कुटीर-ज्योति'' कनेक्शन योजना में लाभान्वित किया गया? क्या वर्तमान में उक्त विद्युत कनेक्शन जारी रखा गया है? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>04-09-2003 | 20. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजाजी नेशनल पार्क से लगी हुई कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु विद्युत तार-बाढ की व्यवस्था करने की मांग सम्बन्धित कृषि भूमि के कृषकों द्वारा उठायी जाती रही है? यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु विद्युत तार-बाढ की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>04-09-2003 | 21. क्या राजस्व मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग में स्वीकृत पटवारी चौकियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हाँ तो इन पटवारी चौकियों पर कितने क्षेत्रीय पटवारियों के कार्यालय संचालित किये जा रहें है? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>05-09-2003<br>श्री प्रकाश पंत<br>21-10-2003 | 22. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में कुमट्रान फैक्ट्री 1995 से बन्द कर दी गई है? यदि हॉ तो फैक्ट्री में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत थे? क्या सरकार इन कर्मचारियों को अन्य विभागों में समायोजित करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | नियोजन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05-09-2003 | 23. क्या ऊर्जा मंत्री को जानकारी है कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौडी गढवाल में विकास खण्ड यमकेश्वर के जोंक, लक्ष्मणझूला, स्वर्गाश्रम, कांडी, दमराडा, विध्याणी पंरिदा आदि एवं विकास खण्ड द्वारीखाल के तिमली डाबर, पबेख आदि गांवों की विद्युत लाइन लटक रही है तथा जगह-जगह क्षतिग्रस्त हैं? क्या वर्तमान में विद्युत लाइन के रख-रखाव के कोई आदेश किये गये हैं? यदि नहीं तो क्यों तथा कब तक उक्त व्यवस्था ठीक कर दी जायेगी? | ऊर्जा |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05-09-2003 | 24. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इन्डस्ट्रीयल एरिया, सिताबपुर एवं बलभद्रपुर कोटद्वार पौडी गढवाल में कितने औद्योगिक प्लाट आवंटित किये गये हैं? क्या यह सत्य है कि इनमें कुछ को छोडकर किसी भी प्लाट में कोई फैक्ट्री नहीं लगाई गयी? क्या सरकार ऐसे उद्योगपतियों से प्लाट खाली करवाकर बेरोजगार युवक उद्यमियों को प्लाट आवंटित करने की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | उद्योग |
| श्री मदन कौशिक<br>06-09-2003 | 25. क्या खाद्य एवं रसद मंत्री को जानकारी है कि प्रदेश में कैरोसीन तेल की कमी होने के कारण कैरोसीन की काला बाजारी हो रही है? यदि हॉ तो सरकार काला बाजारी रोकने व तेल की उपलब्धता बनाये रखने हेतु क्या उपाय कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | खाद्य |
| श्री तसलीम अहमद<br>06-09-2003 | 26. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनवरी 2003 के पहले सप्ताह में सदस्य जिला पंचायत क्षेत्र निरंजन (जनपद हरिद्वार) के ब्लाक लक्सर के ग्राम कंकरखाता में विद्युत तार एवं ग्राम निरजंनपुर में ट्रांसफार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 10.02.03 सचिव, ऊर्जा विभाग को प्राप्त हुआ है? यदि हॉ तो क्या प्रकरण की जांच करायी गई और जांच के क्या परिणाम निकलें? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री तसलीम अहमद<br>06-09-2003 | 27. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढांग (जनपद हरिद्वार) के वर्ष 2001-2002, 2002-2003 में पी0एम0जी0वाई0 तथा एम0एन0पी0 विद्युतिकरण योजना के लिए चयनित ग्रामों तोकों में विद्युतिकरण निर्धारित समय के अनुसार पूर्ण कर लिया गया है? यदि नहीं तो क्यो? क्या सरकार उक्त ग्रामों का विद्युतीकरण शीघ्र कराने के लिए कोई प्रभावी कदम उठायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>04–09–2003 | 28. क्या शिक्षा मंत्री को जानकारी है कि जनपद हरिद्वार में डिग्री कालेजों को सांध्यकालीन कक्षाओं की अनुमति बहुत विलम्ब से देने पर छात्रों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानी उठानी पडती है? यदि हॉ तो क्या सरकार इस वर्ष नये सैक्शन खोलने हेतु विचार कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>08.09.2003 | 29. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अवैध खनन को रोकने के क्या प्रयास किये जा रहे हैं? क्या सरकार के संज्ञान में है कि यमुना बैराज डाकपत्थर देहरादून के समीप हिमाचल प्रदेश की सीमा पर अवैध खनन हो रहा है? यदि हॉ, तो सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>08.09.2003 | 30. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढवाल मण्डल एवं कुमाऊ मण्डल मे पुलिस द्वारा कितने राष्ट्रीय राजमार्गो पर बैरियर लगाने की अनुमति सरकार द्वारा ली गयी है? क्या मुनि की रेती, कीर्तिनगर, श्रीनगर तथा रूद्रप्रयाग में पुलिस द्वारा लगाये जा रहे बैरियर की अनुमति शासन द्वारा प्रदान की गयी है? यदि हॉ, तो इन बैरियरों को इतने नजदीक लगाने का क्या औचित्य है? | गृह |
| श्री मदन कौशिक<br>08.09.2003 | 31. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002–2003 में आपदा प्रबन्धन मद में प्रदेश के प्रत्येक जनपद को कितना–कितना धन दिया गया है तथा अवमुक्त की गयी धनराशि वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक पूर्ण खर्च हो गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>08.09.2003 | 32. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि 13 दिसम्बर, 2002 को प्रदेश की राजधानी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया था? यदि हॉ तो उसमें कुल कितने लोगों के घायल होने की सूचना थी? क्या मुख्य मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारी नेताओं पर मुकदमें दर्ज किये गये हैं? यदि हॉ, तो किन–किन नेताओं पर और किन धाराओं के अन्तर्गत? | गृह |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>08.09.2003 | 33. क्या आवास मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि मसूरी, देहरादून, हरिद्वार तथा नैनीताल विकास प्राधिकरण किन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु गठित किए गए थे? क्या ये विकास प्राधिकरण अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल हो पाएं हैं? यदि हॉ तो इन उद्देश्यों की पूर्ति का प्राधिकरणवार प्रतिशत क्या रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि दून–धाटी विकास प्राधिकरण की सीमायें कहां तक हैं तथा इसके अन्तर्गत कुल कितनी ग्राम पंचायतें तथा नगर पंचायतें शामिल हैं? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>08.09.2003 | 34. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बिन्दुखत्ता (लालकुऑ) जनपद नैनीताल को सरकार राजस्व गॉव का दर्जा देने पर विचार कर रही है? यदि हॉ तो अब तक इस संदर्भ में क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रकाश पन्त<br>08.09.2003 | 35. क्या उद्योग मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ में सोप स्टोन, रेता, पत्थर, मैग्नासाइट खनन के कितने पट्टे विगत 2 वर्षो में निर्गत किये गये हैं? आलोच्य वर्षो में खनन से कितनी रायल्टी प्राप्त हुयी? क्या अन्य वर्षों में प्राप्त खनन रायल्टी वर्ष 2001-02 तथा 2002-03 में कम रही? यदि हॉ तो कितना तथा इस कमी का क्या कारण है? | उद्योग |
| श्री नारायण राम आर्य<br>09.09.2003 | 36. क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के उप तहसील बेरीनाग को पूर्ण तहसील का दर्जा देने हेतु शासन विचार करेगा? यदि हॉ तो कब तक इस पर निर्णय ले लिया जाएगा? यदि नहीं तो क्यों? | राजस्व |
| श्री नारायण राम आर्य<br>09.09.2003 | 37. क्या गृह मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के तहसील मुख्यालय गंगोलीहाट में थाना खोलने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हॉ तो कब तक इस पर निर्णय ले लिया जाएगा? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रकाश पन्त<br>09.09.2003 | 38. क्या उद्योग मंत्री बतायेंगे कि भूतत्व एवं खनिजकर्म इकाईयां प्रत्येक जनपद में स्थित हैं? यदि हॉ तो इनमें भू-वैज्ञानिक तथा खान अधिकारियों के पद सृजित किये गये है? यदि हॉ तो वर्तमान में उक्त सृजित पदों में कितने अधिकारी कार्यरत है? क्या सरकार अधिकारियों के रिक्त पदों को भरे जाने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | उद्योग |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>09.09.2003 | 39. क्या गृह मंत्री को जानकारी है कि जसपुर विधान सभा क्षेत्र में उत्तरांचल की सबसे बडी लकडी मण्डी व औद्योगिक क्षेत्र होने पर भी यहॉ पर अग्निशमन केन्द्र नहीं है? क्या सरकार यहॉ अग्निशमन केन्द्र स्थापित करने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | गृह |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>09.09.2003 | 40. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1999 में जनपद रूद्रप्रयाग/चमोली के कितने व्यक्तियों/परिवारों को भूकम्प राहत राशि बॉटी गयी है? क्या जी-1, जी-2, जी-3, वाले मकान मालिकों को भी भूकम्प राहत राशि बॉट दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>09.09.2003 | 41. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि ऊर्जा निगम द्वारा विद्युत प्रसारण खण्ड द्वितीय का स्थानान्तरण आदेश देहरादून से श्रीनगर गढवाल के लिए कब हुआ था? उक्त विद्युत प्रसारण खण्ड के अब तक स्थानान्तरण न होने के क्या कारण है? कब तक उक्त खण्ड का स्थानान्तरण कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>09.09.2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>30.09.2003 | 42. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल की लोक कला एवं संस्कृति को संजायें रखने के लिए राज्य सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है? यदि हॉ तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |
| श्री मदन कौशिक<br>09.09.2003 | 43. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के किसानों को बिजली की आपूर्ति सस्ते दाम पर देने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>10.09.2003 | 44. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर की वर्ष 2002-2003 की जिला योजना के लिए 24.53 करोड रूपया का परिव्यय निर्धारित था? क्या कारण है कि मात्र 15.14 करोड रूपया ही जिला योजना में आवंटन हुआ? क्या शेष राशि वर्ष 2003-04 की जिला योजना में समायोजित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नियोजन |
| श्री माल चन्द<br>11.09.2003 | 45. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत धौला माइक्रो हाइडिल परियोजना बन्द पडी है? यदि हॉ तो इसे पुनः चालू करने हेतु कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>11.09.2003 | 46. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में आगामी यात्राकाल 2004 को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक सद्भावना के मद्देनजर हेमकुण्ड, लक्ष्मणझूला व गोविन्द घाट में प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने हेतु कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हाँ, तो प्रस्तावित व्यवस्था का स्वरूप क्या है? | तीर्थाटन |
| काजी निजामुद्दीन<br>11.09.2003 | 47. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की जेलों में जनपदवार कुल कितनी महिला कैदी हैं और इन महिला कैदियों के जेलों में रहने की क्या व्यवस्थायें हैं? क्या मुख्यमंत्रीजी यह भी बतायेंगे कि ऐसी कितनी महिला कैदी हैं जिनके बच्चे जेलों में उनके साथ रह रहे हैं? सरकार द्वारा उनके बच्चों के स्वास्थ्य, आहार एवं शिक्षा के लिए क्या-क्या प्रबंध किये गये हैं? | गृह |
| काजी निजामुद्दीन<br>11.09.2003 | 48. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि कस्बा मंगलौर जनपद हरिद्वार में 132 KVA की बिजलीघर बनाने की योजना है? यदि हाँ, तो बिजलीघर के निर्माण के लिए कोई जगह चिन्हित कर ली गई है तथा यह बिजलीघर कब बन कर तैयार हो जायेगा? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>11.09.2003 | 49. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के गठन से पूर्व जनपद हरिद्वार में कौन-2 से क्षेत्र 'औद्योगिक क्षेत्र' के रूप में घोषित थे? इन औद्योगिक क्षेत्रों की कितनी भूमि में उद्योग लग चुके हैं तथा कितनी भूमि इन औद्योगिक क्षेत्रों की खाली पड़ी है? | उद्योग |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>12.09.2003 | 50. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के स्थान घांघरिया में आने वाले यात्रियों तथा स्थानीय जनता की सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी खोले जाने हेतु विचार किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>12.09.2003 | 51. क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल में वर्ष 2002-2003 में आकाशीय बिजली गिरने से भेड़ पालकों की कितनी भेड़ों की मृत्यु हुई है? सरकार द्वारा अब तक प्रभावित भेड़ पालकों को कितनी सहायता राशि उपलब्ध कराई है? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>12.09.2003 | 52. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में चीड़ की पत्तियों पर आधारित कोई उद्योग सरकार द्वारा लगाया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>12.09.2003 | 53. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार घाटी में 10 अगस्त, 2002 को दैवीय आपदा (मेघ विस्फोट) से धर्मगंगा पर अगुण्डा और कोटी के मध्य स्थित गार्डर पुल बहकर क्षतिग्रस्त हो गया है? यदि हाँ, तो क्या उक्त स्थान पर नदी की चौड़ाई बढ़ने से झूला पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन में लम्बित है? यदि हाँ, तो कब से और कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? | आपदा प्रबन्धन |
| काजी निजामुद्दीन<br>12.09.2003 | 54. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि राज्य में जनपदवार वर्ष 2003 में अनुसूचित जाति के कितने लोगों की हत्या की गयी, कितने लोगों पर जानलेवा हमला हुआ और इस वर्ग की कितनी महिलाओं के साथ दुराचार हुआ? | गृह |
| काजी निजामुद्दीन<br>12.09.2003 | 55. क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार में 400 KVA और 250 KVA के कमशः कितने-2 ट्रांसफॉर्मर है तथा दिनांक 1.3.03 से 31.8.03 तक 400 KVA और 250 KVA के कमशः कितने-2 ट्रांसफॉर्मर खराब हुए हैं? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2003 | 56. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगाँव के ग्राम मदेश निवासी श्री अतरसिंह के सोलह वर्षीय पुत्र स्व0 भरतसिंह को राजकीय इण्टर कॉलेज राना के स्कूल प्रांगण में खेलते समय विद्युत करेण्ट लगने से दर्दनाक मौत हुई है? यदि हाँ, तो पीड़ित परिवार को विभाग द्वारा मुआवज़े का भुगतान किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2003 | 57. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगाँव के दुर्विल गाँव को भूवैज्ञानिक जिला टास्क फोर्स उत्तरकाशी की निरीक्षण आख्या अनुसार निचला गाँव नामे तोक में कब तक पुनर्वासित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2003 | 58. **केन्द्रीय विषय होने के कारण निरस्त** | |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>16.09.2003 | 59. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में वर्ष 1999 में आये भूकम्प के दौरान घनसाली विधान सभा क्षेत्र के श्रेणी 1, 2, 3 में प्रभावित कितने परिवारों को अब तक कितनी राहत राशि आवंटित की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>16.09.2003 | 60. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में 10 अगस्त, 2002 को दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त सम्पर्क मार्गों के निर्माण हेतु कार्यदायी विभाग जिला पंचायत, टिहरी ग्रामीण अभियंत्रण सेवा तथा प्रभागीय वनाधिकारी, टिहरी द्वारा किये गये कार्यों के सापेक्ष भुगतान किया जा चुका है? यदि हाँ, तो इन विभागों को कितना–कितना भुगतान किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16.09.2003 | 61. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002–2003 में मा0 मुख्यमंत्री तथा मंत्रिगणों पर हैलीकॉप्टर द्वारा की गई यात्राओं पर कुल कितना खर्चा हुआ? | गोपन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.09.2003 | 62. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आन्दोलन में घायल आन्दोलनकारियों में से कुल कितने घायल आन्दोलनकारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गई है? क्या सरकार उसका जनपदवार नाम पता सहित विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.09.2003 | 63. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में वर्ष 2003 में अतिवृष्टि, बादल फटने की घटना से प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने से पूर्व क्या जनपदीय/तहसील अथवा विकास खण्ड स्तर पर कोई तकनीकी/राजस्व विभाग के अधिकारियों की कमेटी गठित की गई? यदि हाँ, तो क्या अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.09.2003 | 64. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी अन्तर्गत ग्राम चामकोट राजस्व ग्राम बना है? यदि हाँ, तो उक्त राजस्व ग्राम का सीमांकन ग्राम सभा अठाली की ग्राम पंचायत की सहमति के आधार पर किया गया? क्या सरकार सीमांकन आख्या उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.09.2003 | 65. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम मथाली पट्टी दशगी क्षेत्र चिन्यालीसौड़ जिला उत्तरकाशी में भू-स्खलन से गाँव को खतरा पैदा हो गया है? यदि हाँ, तो गाँव की सुरक्षा हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं? क्या भू-गर्भीय सर्वेक्षण करवाकर सुरक्षात्मक उपाय किये जायेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.09.2003 | 66. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में प्रसिद्ध तीर्थस्थल यमुनोत्री में मुख्य मन्दिर के पास भू-स्खलन हो रहा है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा मन्दिर सुरक्षा के क्या उपाय किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.09.2003 | 67. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ जोगथ मोटर मार्ग के जोगथ के निकट बने स्लिप ज़ोन से हो रहे लगातार भू-स्खलन से कुल कितने आवासीय मकान, गौशालायें, खेत, नहरें व पशु तथा जनहानि वर्ष 2002-2003 में हुई हैं? क्या सरकार द्वारा भू-स्खलन रोकने के उपाय किये जो रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22.09.2003 | 68. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में हिमगिरि नभ विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी इन द स्काई) ने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है? किस संस्था द्वारा इस विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है? क्या इस विश्वविद्यालय के खुलने से प्रदेश के बेरोज़गारों को रोज़गार मिलेगा? | उच्च शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22.09.2003 | 69. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पैट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय ने अपना कार्य प्रारम्भ कर दिया है? इस विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश के छात्र/छात्राओं को क्या लाभ मिलेगा? | उच्च शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>22.09.2003 | 70. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में हिल्ट्रान बोर्ड का गठन हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या यह सत्य है कि हिल्ट्रान का मुख्यालय लखनऊ में है यदि हाँ, तो लखनऊ स्थित कार्यालय के कर्मियों का वेतन एवं कार्यालय के किराये आदि का भुगतान किस राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है? | नियोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24.09.2003 | 71. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा जिला सहकारी बैंकों में वर्ष 2002-03 का ऋण जमा अनुपात क्या रहा है? | वित्त |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>24.09.2003 | 72. क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देश रक्षा में शहीद हुए जवानों के नाम समर्पित सड़कों एवं विद्यालयों आदि के संचालन एवं रख-रखाव के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | तृतीय सोम तक स्थगित |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>24.09.2003 | 73. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल में बेरोज़गार विद्युत अप्रेंटिसों को विद्युत विभाग में नियुक्ति देने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उन्हें कब तक नियुक्त किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>22.09.2003 | 74. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत वर्ष 2002–03 में कितने तथा किन–किन गाँवों का विद्युतीकरण किया गया? वर्ष 2003–04 में किन–किन गाँवों का विद्युतिकरण सरकार के विचाराधीन है? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.09.2003 | 75. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि टिहरी बाँध निर्माण से निर्मित झील के भू-गर्भीय सर्वेक्षण, भू-गर्भीय प्रभाव का अध्ययन, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्ध केन्द्र द्वारा कराया जा रहा है? यदि हाँ, तो सर्वेक्षण/अध्ययन आख्या राज्य सरकार को प्राप्त हो गयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आख्या की प्रति सदन के पटल पर रखेगी? | प्रथम बुध के अता.प्र. 46 में स्था. |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.09.2003 | 76. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि ग्राम गोजमीर विकास खण्ड थौलधार जिला टिहरी गढ़वाल की नाप भूमि व भवनों को चम्बा धरासू मोटर मार्ग के कि0मी0 71–72 पर हो रहे निर्माण से गम्भीर भू-स्खलन के कारण भारी क्षति हुई है? क्या इस भू-स्खलन से ग्रामीणों के जीवन को गम्भीर खतरा पैदा हो गया है? यदि हाँ, तो उक्त गाँव को अन्यत्र पुनर्वासित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25.09.2003 | 77. क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के पट्टी दरागी अन्तर्गत कवाटा, वणगाँव, मुरोगी, कपराड़ा, हटनाली, रिखाणगाँव, मँगाणगाँव में विद्युतीकरण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>25.09.2003 | 78. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल के सीमान्त क्षेत्रों में कार्यरत केन्द्रीय कर्मचारियों को सीमान्त भत्ता अनुमन्य है? यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रदेश के सीमान्त क्षेत्रों में कार्यरत राज्य कर्मचारियों को भी सीमान्त भत्ता देने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>26.09.2003 | 79. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ''साहित्य अकादमी''के गठन किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक तथा उसका स्वरूप क्या होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>26.09.2003 | 80. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थित अदालतों में बेहतर व्यवसायिक कार्य के लिए अधिवक्ताओं के लिए ''बार-भवन''का निर्माण किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक कार्यवाही कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | न्याय |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>26.09.2003 | 81. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल, जनपद नैनीताल स्थित टेलीट्रौनिक्स फैक्ट्री के बंद होने के पश्चात वहाँ कार्यरत कितने कर्मचारियों को सरकारी सेवाओं में शासनादेश के अनुरूप समायोजित किया जा चुका है तथा अभी और कितने कर्मचारियों को समायोजित किया जाना है? शेष कर्मचारियों को कब तक समायोजित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | द्वितीय शुक्र के अता.प्र. 02 में स्था. |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.09.2003 | 82. अनेक विभाग एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त | |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.09.2003 | 83. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार ने हर जिले में नए औद्योगिक क्षेत्र धोषित कर दिये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.09.2003 | 84. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के बेरोज़गारों, उद्योगपतियों तथा कुटीर उद्योग लगाने वालों को आसान शर्तों पर ऋण देने के लिए प्रदेश सरकार क्या योजना बना रही है? | औद्योगिक विकास |
| श्री कैलाश शर्मा<br>26.09.2003 | 85. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश सं0-512/राजस्व/2002, दिनांकः मई 28, 2002 द्वारा राजस्व पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अल्मोड़ा को प्रशासनिक अकादमी नैनीताल के अधीन कर दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार उक्त संस्थान में आवश्यक अवस्थापना सुविधायें उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.09.2003 | 86. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) टिहरी गढ़वाल में अनियमित विद्युत आपूर्ति के निदान हेतु थत्यूड़ में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>27.09.2003 | 87. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में विद्युत क्षेत्र का निजीकरण करने का विचार कर रही है?यदि हाँ, तो सरकार ने कोई कार्य योजना बनाई है? क्या सरकार कार्य योजना को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>29.09.2003 | 88. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार ने कोई चिकित्सा शिक्षा नीति बनायी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नीति की एक प्रति सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>30.09.2003 | 89. क्या आपदा राहत प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003–04 में सबसे अधिक भू–स्खलन से जन धन की क्षति प्रदेश के किस जनपद में हुई? सरकार द्वारा राहत कार्य के लिए क्या–क्या कदम उठाये गये? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>30.09.2003 | 90. क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाजपुर शुगर फैक्ट्री में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.10.2003 | 91. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्रांक–765/जाँच/02–03, दिनांक 24/09/02 व्यापार कर अधिकारी खण्ड प्रथम ऋषिकेश के विरूद्ध जाँच संबंधी पत्र आपको प्राप्त हुआ था? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01.10.2003 | 92. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे जिलाधिकारी उत्तरकाशी को प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक–1569/स्मारक/03–04, दि0 4/7/2003 ग्राम पंचायत धरासू के कारगिल शहीद स्व0 मोहनलाल अग्रवाल की मूर्ति स्थापना किये जाने हेतु धरासू भगीरथी पुल के समीप पार्क को संबंधित विभाग से स्थानांतरित करवाने विषयक पत्र प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.10.2003 | 93. क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के पदों में आरक्षण व्यवस्था लागू है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्या उक्त पदों पर आरक्षण कोटा पूर्ण है? यदि नहीं, तो क्यों? | बाल विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03.10.2003 | 94. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि एक्यूपंचर पद्धति से प्रशिक्षण करके डिप्लोमा एवं एम0डी0 डिग्री प्राप्त डॉक्टर प्रेक्टिस करने हेतु वैध है? यदि हाँ, तो देहरादून में कौन–कौन सी संस्था में प्रश्नगत प्रमाण–पत्र देने हेतु अधिकृत हैं? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>03.10.2003 | 95. क्या संस्कृति मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के पौराणिक मेलों व परम्पराओं को बढ़ावा देने के लिए क्या कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | संस्कृति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03.10.2003 | 96. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में चीनी उद्योग के घाटे में चलने के क्या कारण हैं? सरकार द्वारा चीनी उद्योग को घाटे से उबारने के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं? | गन्ना विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03.10.2003 | 97. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को विकसित करने के लिए क्या कोई नीति बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? | उद्योग |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>06.10.2003 | 98. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड मेडिकल इंस्टिट्यूट 78/ए, एम.डी.डी.ए. कॉलोनी, डालनवाला, देहरादून भारत सरकार एवं उत्तरांचल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है? यदि नहीं, तो संस्था के संचालक के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>07.10.2003 | 99. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिमालयन इन्स्टीट्यूट हॉस्पिटल ट्रस्ट सोसाइटी एक्ट के अन्तर्गत नॉन कॉमर्शियल संस्था है? यदि हाँ, तो इस संस्था द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज में एम.बी.बी.एस. कोर्स में प्रवेश में अनिवासी भारतीयों हेतु 15 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का क्या औचित्य है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मेडिकल कॉलेज में अनिवासी भारतीयों के आश्रितों को एम.बी.बी.एस. में प्रवेश देकर विगत तीन वर्षों में कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>07.10.2003 | 100. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण के नक्शे स्वीकृत किये जाने पर रोक लगायी गयी है? यदि हाँ, तो यह रोक कब से लगी है तथा इसका औचित्य क्या है? क्या सरकार जनहित में नक्शा स्वीकृति हेतु मानकों का व्यापक प्रसार करते हुए रोक को समाप्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>07.10.2003<br>श्री काशी सिंह ऐरी<br>16.10.2003 | 101. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा कितने सेवा निवृत्त हो चुके कर्मियों को पुनः सेवायोजित किया गया है? सेवा निवृत्त व्यक्तियों को राज्य के गठन के लगभग तीन वर्ष हो जाने पर भी सेवायोजन दिये जाने का औचित्य एवं उपयोगिता क्या है? इन व्यक्तियों को प्रतिमाह कितना वेतन तथा क्या-क्या सरकारी सुविधायें प्रदान की जा रही है? क्या सरकार पूरा विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सचिवालय प्रशासन |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | 102. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ में जुम्मा, पाण्डुकेशर, तपोवन आदि क्षेत्रों में वर्ष 1991 से जल विद्युत निगम द्वारा विद्युत उत्पादन कार्य हेतु मशीनें लगाई गयी हैं? यदि हाँ, तो इनसे विद्युत उत्पादन का कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | 103. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में शीतकालीन अवकाश एक समान दिया जाता है? यदि हाँ, तो कब से कब तक? क्या सरकार शीतकालीन अवकाशों की एकरूपता लाने पर विचार कर रही है? | उच्च शिक्षा |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>11.09.2003 | 104. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कितने परिवार बी0पी0एल0 कार्ड बनने से वंचित रह गये हैं? क्या ऐसे परिवारों को सरकार बी0पी0एल0 कार्ड की सुविधा देगी? यदि हाँ, तो कब तक? | खाद्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.09.2003 | 105. क्या खाद्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितने खाद्य निरीक्षक के पद स्वीकृत हैं तथा उनमें से कितने पदों पर तैनाती नहीं की गई है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि वर्ष 2002-2003 में जनपद में कुल कितने व्यापारियों के खाद्य सामग्रियों के नमूने लिए गये? कितने व्यापारियों को मिलावट के लिए दोषी पाया गया? कितने व्यापारियों के विरूद्ध मुकदमें पंजीकृत/अभियोग दर्ज किये गये तथा कितने व्यापारियों को न्यायालय द्वारा सजा दी गयी? | प्रथम शुक्र के अता.प्र. 77 में स्था. |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.09.2003<br>श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19.11.2003 | 106. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से उपभोक्ताओं को गेहूँ चावल एवं चीनी कितनी मात्रा में दी जाती है? क्या यह सत्य है कि मैदानी क्षेत्रों एवं पर्वतीय क्षेत्र के जिलों में खाद्यान्न की मात्रा एक समान नहीं है? यदि हाँ, तो क्यों? | खाद्य |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | 107. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार जनपद चमोली, जो कि देश-विदेश के सैलानियों के लिए एक पर्यटन केन्द्र भी है, को यात्रा के दौरान बढ़ती हुई जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए इस क्षेत्र में मिट्टी तेल का आवंटन बढ़ाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कितना? यदि नहीं, तो क्यों? | खाद्य |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>08.10.2003 | 108. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महाविद्यालय गोपेश्वर, जनपद चमोली के जिम्नेजियम निर्माण का भुगतान किये जाने हेतु पुनरीक्षित आगणन के साथ फ्रीज़ धनराशि 12-32 लाख रू0 अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>08.10.2003 | 109. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के सभी महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 08.10.2003 | 110. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के तेफना नन्दप्रयाग में स्थित हिम ऊर्जा (प्राइवेट कनसर्न) से प्रति माह कितने मेगावाट बिजली किस दर पर क्रय की जाती है तथा आम उपभोक्ताओं को किस दर पर उपलब्ध कराई जाती है? | ऊर्जा |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 08.10.2003 | 111. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पर्यटन विषय पढ़ाया जाता है? क्या यह सत्य है कि उक्त विषय को प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित तथा समकक्ष प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं किया गया हे? क्या सरकार इस विषय को इन परीक्षाओं में सम्मिलित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 08.10.2003 | 112. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा उत्तरांचल राज्य के गठन के उपरान्त कितने भूखण्ड विकसित किये गये हैं, कितने आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है तथा निर्मित भवनों में कितने भवनों का आवंटन शेष है? क्या सरकार पूरा विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | आवास |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 08.10.2003 | 113. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून जनपद में राजकीय सहायता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थाओं को रियायती दरों पर विद्युत उपलब्ध करायी जा रही है? यदि हाँ, तो क्या इन शिक्षण संस्थाओं की सूची सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे? | ऊर्जा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 08.10.2003 | 114. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून नगर में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2003 से अब तक किन-किन भूखण्डों के भू-उपयोग परिवर्तित किये गये हैं? क्या सरकार पूरी सूची भू-धारकों के नाम सहित सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेगी? | आवास |
| श्री बलबीर सिंह नेगी 08.10.2003 | 115. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजस्व अभिलेखों में ग्राम सभा राजपुर, देहरादून की कुल कितनी भूमि दर्ज़ है? क्या यह सही है कि ग्राम सभा की भूमि पर अनाधिकृत कब्ज़ा कर उसका व्यवसायिक उपयोग किये जाने की सूचना शासन के संज्ञान में है? यदि हाँ, तो सरकारी भूमि के दुरूपयोग के विरूद्ध सरकार क्या कार्यवाही करेगी? | राजस्व |
| श्री नारायण पाल 09.10.2003 | 116. क्या उद्योग मंत्री बतायेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के अन्तर्गत सितारगंज में औद्योगिक क्षेत्र हेतु ज़मीन अधिग्रहण करने के लिए उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा हाल में सम्पूर्णानन्द शिविर में भ्रमण किया था? यदि हाँ, तो इस संबंध में कोई योजना प्रस्तावित है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.10.2003 | 117. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण क्षेत्र धरासू दिकोली गाँव में निर्माण कम्पनियों द्वारा स्थापित स्टोन केशर पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप स्थापित हैं? यदि नहीं, तो स्टोन केशर मालिक कम्पनियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी? | प्रथम मंगल के अता.प्र. 126 में स्था. |
| श्री प्रकाश पंत<br>09.10.2003 | 118. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में 1-8-2003 से 30 सितम्बर, 2003 के मध्य अतिवृष्टि के कारण कितनी क्षति हुयी? सरकार द्वारा दैवीय आपदा प्रबन्धन हेतु आलोच्य दिवसों के मध्य कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी? क्या सरकार क्षतिग्रस्त सरकारी माध्यमिक विद्यालयों तथा अन्य सरकारी भवनों, पेयजल योजनाओं, मोटर मार्गों, पुलों इत्यादि के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री प्रकाश पंत<br>09.10.2003 | 119. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि शासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवक्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया किये जाने हेतु सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो उपरोक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया किसके माध्यम से संचालित की जायेगी? क्या सरकार द्वारा उत्तरांचल उच्च शिक्षा आयोग का गठन कर लिया गया है? यदि हाँ, तो कब? | उच्च शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>09.10.2003 | 120. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिमऊर्जा नामक संस्था को जनपद चमोली में कुल कितने किलोवाट विद्युत उत्पादन के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है? वर्तमान में उक्त संस्था के प्रोजेक्ट कहाँ-कहाँ पर चल रहे हैं? क्या मंदाकिनी नदी पर उक्त संस्था को एक अन्य पावर हाउस निर्माण की स्वीकृति दे दी गयी है? यदि हाँ, तो किस स्थान पर तथा कुल कितने किलोवाट की? | ऊर्जा |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>16.10.2003 | 121. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हिमालयन इन्स्टीट्यूट, हॉस्पिटल ट्रस्ट, जौलीग्रान्ट देहरादून राजकीय सहायता प्राप्त संस्थान हैं? यदि हाँ, तो उक्त इन्स्टीट्यूट को क्या-क्या राजकीय सहायता प्रदान की जाती है तथा इन्स्टीट्यूट पर सरकार का क्या नियंत्रण है? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>16.10.2003 | 122. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री को ज्ञात है कि हिमालयन इन्स्टीट्यूट, जौलीग्रान्ट देहरादून में वर्ष 2002-2003 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश राज्य सरकार तथा भारत सरकार की अनुमति के बगैर दिये गये हैं? यदि हाँ, तो इस अनियमितता के लिए कौन दोषी है तथा सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है? | चिकित्सा शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>24.10.2003 | 123. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल सरकार ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न डिग्री कोर्सों के छात्रों हेतु अलग-अलग कुल कितना वार्षिक शुल्क/फीस नियत की है? क्या सरकार राज्य के गरीब व निर्धन छात्रों हेतु इसे कम करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>02-09-2003 | 124. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002-2003-2004 हेतु जनपद रूद्रप्रयाग में दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों के रख-रखाव एवं मरम्मत कार्य के लिए कुल कितना धन विभाग को आवंटित किया गया था तथा आवंटित धन से विभाग द्वारा क्या-क्या कार्य किये गये हैं? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>09.09.2003 | 125. क्या आवास मंत्री बतायेंगे कि जनपद देहरादून के मालदेवता नामक गॉव के आस-पास सौग नदी पर कृत्रिम झील निर्माण का कार्य प्रस्तावित है? यदि हॉ तो उक्त झील के निर्माण में क्या प्रगति है तथा अब तक कितना धन झील निर्माण के लिए अवमुक्त किया जा चुका है? | प्रथम बुध के अता.प्र. 63 में स्था. |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>14.11.2003 | 126. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में पी.एम.टी. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए क्या-क्या अर्हताएं हैं? उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले उत्तरांचल प्रदेश में शिक्षा ग्रहण किये छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा में अन्य राज्यों की तरह कोई प्राथमिकता प्रदान की गई है? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.10.2003 | 127. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि अत्यधिक वृद्ध, रूग्ण एवं अशक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जो राजकीय कोषागार नहीं जा सकते हैं को मनीऑर्डर अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>29.10.2003 | 128. क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि पिथौरागढ़ जनपद के चोरपाल से रैतोला पैदल मार्ग की कुल लम्बाई व लागत क्या है? उस पर अब तक कितना व्यय हुआ है? कब तक सी.सी. मार्ग पूरा निर्मित हो जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मार्ग के संदर्भ में उनके द्वारा पत्रांक 10415/म.ग्रा.वि.-पे.ज./वी.आई.पी., दिनांक 11-12-2002 पर क्या कार्यवाही की गई? | आपदा प्रबन्धन |